टीसीएस आईटी विज 2016 के विजेता घोषित

इंदौर। भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज 2016 के नेशनल फाइनल्स में डीपीएस भोपाल की टीम के हार्दिक पटेल और निश्चय शोपुरकर दूसरे उप-विजेता बने। उन्हें एक कांस्य पदक , आई फोन, 1 टीबी हार्ड डिस्क तथा पावर बैंक के व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ स्कूल के लिए ट्राफी मिली। फाइनल्स में ग्रैण्ड फिनाले पर चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए 8 शहरों से आई आठ उत्कृष्ठ टीमों के साथ जमकर मुकाबला करना पडा। अग्रणी आईटी सर्विसेज , कंसलटिंग तथा बिजनेस साल्युशंस कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित नेशनल फाइनल्स का मुकाबले 11 दिसम्बर 2016 को मुंबई के ताज लैण्डस एण्ड में खेले गए थे। इसके लिए टीम को मुंबई तक हवाई यात्रा के साथ ताज मे ठहरने तथा टीसीएस के सीईओ से मिलने का अवसर मिला था। इस साल की प्रतिस्पर्धा में रीजनल लेवल पर पूरे भारत के 1,328 स्कूलों के कक्षा आठ से बारह के लगभग 15,000 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस साल अगस्त से नवम्बर के बीच टीसीएस आईटी विज के रीजनल एडिशंस भारत के 15 स्थानों - अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोची, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे तथा विशाखापट्नम में आयोजित किए गए थे। इन 15 टीमों ने ग्रैण्ड फिनाले में पहुचने के लिए सेमी-फाइनल्स के दो राउण्डस में जिसमें 7 तथा 8 टीमों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा लेकर अपनी राह बनाई।